मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 06 रोल नं0 : 13.02.19

# दिल्ली पब्लिक स्कूल, विन्ध्यनगर

## प्री बोर्ड परीक्षा ( 2019 ) – II

## विषय-हिन्दी

समय :3 घंटे कक्षा : 10 पूर्णांक :80

---

***निर्देश–*** *1. इस प्रश्न–पत्र में चार खंड हैं– क , ख , ग , और घ ।*

*2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

### *खंड –क*

### *(अपठित अंश–15 अंक)*

*जीवन रुकने का नहीं चलने का नाम है। कुछ लोग असफलता की अवस्था में निराश होकर अपने उत्साह का दामन छोड़ बैठते हैं। वे भूल जाते हैं कि परिश्रम एवं प्रयत्न में भाग्य को बदल देने की भी क्षमता होती है। मनुष्य इस संसार का सर्वश्रेष्ठ प्राणी है। उसे असफलता की स्थिति में अपना जीवन सार्थक बनाने के लिए आशा का सहारा लेना चाहिए। आलसी बनकर समय व्यर्थ बिताना अपने साथ अन्याय करना है। हमें अपने साधनों एवं क्षमताओं का प्रयोग कर प्रगति के पथ पर बढ़ना चाहिए। दुख में घबराना कायरता का प्रतीक है। हर शाम सूरज को ढलना ही है, तो क्या अँधेरे में हाथ–पर–हाथ रखकर बैठे रहा जाए या उठकर एक दीपक जला लें। सूर्य के समक्ष दीपक की क्या बिसात। पर एक दीपक भी पर्याप्त है एक घर को रोशन कर देने के लिए।*

*क. असफलता की स्थिति में व्यक्ति का क्या कर्तव्य होना चाहिए ? 2*

*ख. प्रगति के पथ पर अग्रसर होने के लिए क्या आवश्यक है ? 2*

*ग. लेखक ने अपने साथ अन्याय करना किसे माना है ? 2*

*घ. 'एक दीपक भी पर्याप्त है घर को रोशन करने के लिए' पंक्ति से क्या अभिप्राय है ? 2*

*ङ. जीवन किसका प्रतीक है ? 1*

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

कुछ भी बन, बस कायर मत बन।
ठोकर मार, पटक मत माथा,
तेरी राह रोकते पाहन।
ले देकर जीना, क्या जीना ?
कब तक गम के आंसू पीना ?
मानवता ने तुझको सींचा
बहा युगों तक खून–पसीना
कुछ न करेगा ? किया करेगा
रे मनुष्य बस कातर कंदन ?
अर्पण कर सर्वस्व मनुज को ,
कर न दुष्ट को आत्मसमर्पण।
कुछ भी बन , बस कायर मत बन।

क. कवि क्या नहीं बनने के लिए कह रहा है ? 2

ख. किसके सामने आत्मसमर्पण न करने की सलाह दी गई है ? 2

ग. 'पाहन' किसके प्रतीक हैं ? 2

**खंड–ख**

**(व्यावहारिक व्याकरण–15 अंक)**

3. 'शब्द' पद कब बनता है ? उदाहरण देकर समझाइए। 2

4. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए– 3

क. वहाँ जाकर जल्दी आ जाना। (संयुक्त वाक्य में)

ख. बादल घिर आए और वर्षा होने लगी। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

ग. जो विद्यार्थी पुस्तक नहीं लाया, वह खड़ा हो जाए। (सरल वाक्य में)

5.(क) निम्नलिखित शब्दों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए– 2

स्त्रीरत्न, सप्ताह

(ख) निम्नलिखित का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए– 2

मिट्टी जैसा मैला, साध्य के अनुसार

6. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए– 4

क. हम भोजन खाते हैं।

ख. मैं तो आपका दर्शन करने आया हूँ।

ग. उसने कोई बात नहीं माना।

घ. वह स्वयं ही यह कार्य अपने आप कर लेगा।

7. निम्नलिखित मुहावरों को इस तरह वाक्यों में प्रयोग कीजिए कि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएँ–2

आग बबूला होना, बाट जोहना

## खंड ग (पाठ्य पुस्तक)

**25 अंक**

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2+2+1=5

क. बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे ?

ख. शेख अयाज के पिता भोजन छोड़कर क्यों उठ खड़े हुए ? 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए।

ग. प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट किसे कहते हैं।

9. निकोबार द्वीपसमूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों का क्या विश्वास है ?। 5

**अथवा**

जापान में मानसिक रोग के क्या कारण बताए गए हैं ? उससे होने वाले प्रभाव का उल्लेख करते हुए लिखिए कि इसमें 'टी सेरेमनी' की क्या उपयोगिता है ?

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2+2+1=5

क. मीरा ने पद में हरि से पीड़ा हरने की विनती किस प्रकार की है ?

ख. पंतजी की कविता मानो प्रकृति को अपनी आँखों से देखने की अनुभूति देती है, कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

ग. 'मनुष्यता' कविता में कवि ने हमें परोपकार के लिए कैसे प्रेरित किया है ?

11. 'कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढै वन माहि' के द्वारा कवि ने किन लोगों पर व्यंग्य किया है? 'साखी' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 5

**अथवा**

बिहारी ने जगत को तपोवन क्यों कहा है और इससे क्या संदेश देना चाहा है ? समझाइए।

12. हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगे ? 5

**अथवा**

टोपी शुक्ला पाठ के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश देना चाहा है ? अपने शब्दों में लिखिए।

## खंड–घ (लेखन)

**25 अंक**

13. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए– 5

**क. स्वस्थ जीवन के लिए व्यायाम**

- शरीर और मन की स्वस्थता
- व्यायाम, आसन, प्राणायाम
- स्वस्थ व्यक्ति–स्वस्थ परिवार

**ख. बच्चों की शिक्षा में माता–पिता की भूमिका**

- शिक्षा का महत्व
- माता–पिता का उत्तरदायित्व
- माता–पिता का कर्तव्य–निर्वाह

**ग. युवा पीढ़ी के कर्तव्य**

- युवा: देश का भविष्य
- युवाओं के कर्तव्य
- निष्कर्ष

14. जल बोर्ड के अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपने क्षेत्र में नियमित रूप से जल सप्लाई की व्यवस्था हेतु निवेदन कीजिए। 5

**अथवा**

मेट्रो रेल या रेल यात्रा में चोरी की बढ़ती हुई घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक को एक पत्र लिखिए।

15. आगामी सोमवार से दो दिन तक बिजली की कटौती की जाएगी।' इसके लिए बिजली विभाग के प्रबंधक की ओर से एक सूचना लिखिए। 5

**अथवा**

अपने मुहल्ले के पास पार्क में योग की कक्षाएँ लगने और लाभ उठाने की सूचना लगभग 30 शब्दों में लिखिए।

16. डॉक्टर और रोगी के बीच हुए संवाद को 80 शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

'स्वच्छ भारत' विषय को लेकर दो व्यक्तियों के बीच होने वाले संवाद को लगभग 80 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

17. किसी मोबाइल फोन के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

दर्द निवारक तेल के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**XXX**